>

Title: Need to extend the last date fixed to deposit passport by Haj pilgrims.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): हाल ही में हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा हज यात्रियों को 25 अप्रैल, 2012 तक अपने पासपोर्ट जमा करने के निर्देश दिए गए हैं एवं 25 अप्रैल के बाद पासपोर्ट जमा करने वाले हज यात्रियों को हज यात्रा पर नहीं जाने देने का प्रावधान बनाया है, जबकि वीजा प्राप्त करने के लिए जुलाई में आवश्यकता है। इस कारण से लगभग झारखण्ड एवं अन्य राज्यों के केवल 55 प्रतिशत हज यात्री ही यात्रा कर सकेंगे और 45 प्रतिशत हज यात्री इससे वंचित हो जाएंगे। इस कारण से केवल झारखण्ड प्रदेश से लगभग 13500 हज यात्री हज यात्रा से वंचित हो रहे हैं। इससे अनुमान लगाया जा सकता है कि संपूर्ण भारतवर्ष में कितने हज यात्री वंचित होंगे।

इस संदर्भ में मेरी भारत सरकार से मांग है कि हज कमेटी ऑफ इण्डिया द्वारा निर्धारित तिथि 25.04.12 को बढ़ाकर 20.05.2012 तक किया जाए जिससे अधिक-से-अधिक हज यात्री हज यात्रा में भाग ले सकें।